This Question Paper consists of 28 questions [Section–A (20) + Section–B (4+4)] and 14 printed pages.

इस प्रश्न-पत्र में 28 प्रश्न [खण्ड–अ (20) + खण्ड–ब (4+4)] तथा 14 मुद्रित पृष्ठ हैं।

Roll No.
अनुक्रमांक | | | | | | | | | | | | |

Code No.
कोड नं० **56 / HIS / 2**

GEOGRAPHY

भूगोल

(316)

Set/सेट **A**

Day and Date of Examination .....
(परीक्षा का दिन व दिनांक)

Signature of Invigilators 1. .....
(निरीक्षकों के हस्ताक्षर)

2. .....

General Instructions :

1. Candidate must write his/her Roll Number on the first page of the Question Paper.
2. Please check the Question Paper to verify that the total pages and total number of questions contained in the Question Paper are the same as those printed on the top of the first page. Also check to see that the questions are in sequential order.
3. Making any identification mark in the Answer-Book or writing Roll Number anywhere other than the specified places will lead to disqualification of the candidate.
4. Write your Question Paper Code No. 56/HIS/2, Set [A] on the Answer-Book.
5. (a) The Question Paper is in English/Hindi medium only. However, if you wish, you can answer in any one of the languages listed below :

   English, Hindi, Urdu, Punjabi, Bengali, Tamil, Malayalam, Kannada, Telugu, Marathi, Oriya, Gujarati, Konkani, Manipuri, Assamese, Nepali, Kashmiri, Sanskrit and Sindhi.

   You are required to indicate the language you have chosen to answer in the box provided in the Answer-Book.

   (b) If you choose to write the answer in the language other than Hindi and English, the responsibility for any errors/mistakes in understanding the questions will be yours only.

सामान्य अनुदेश :

1. परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें।

2. कृपया प्रश्न-पत्र को जाँच लें कि प्रश्न-पत्र के कुल पृष्ठों तथा प्रश्नों की उतनी ही संख्या है जितनी प्रथम पृष्ठ के सबसे ऊपर छपी है। इस बात की जाँच भी कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं।

3. उत्तर-पुस्तिका में पहचान-चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जायेगा।

4. अपनी उत्तर-पुस्तिका पर प्रश्न-पत्र का कोड नं० 56/HIS/2, सेट [A] लिखें।

5. (क) प्रश्न-पत्र केवल हिन्दी/अंग्रेजी में है। फिर भी, यदि आप चाहें तो नीचे दी गई किसी एक भाषा में उत्तर दे सकते हैं :

   अंग्रेजी, हिन्दी, उर्दू, पंजाबी, बंगला, तमिल, मलयालम, कन्नड़, तेलुगू, मराठी, उड़िया, गुजराती, कोंकणी, मणिपुरी, असमिया, नेपाली, कश्मीरी, संस्कृत और सिन्धी।

   कृपया उत्तर-पुस्तिका में दिए गए बॉक्स में लिखें कि आप किस भाषा में उत्तर लिख रहे हैं।

   (ख) यदि आप हिन्दी एवं अंग्रेजी के अतिरिक्त किसी अन्य भाषा में उत्तर लिखते हैं, तो प्रश्नों को समझने में होने वाली त्रुटियों/गलतियों की जिम्मेदारी केवल आपकी होगी।

GEOGRAPHY

भूगोल

(316)

Time : 3 Hours] [Maximum Marks : 80

समय : 3 घण्टे] [पूर्णांक : 80

Note : (i) There are 24 questions in all.

(ii) *All* questions are compulsory.

(iii) Marks for each question are indicated against it.

(iv) Question Nos. **1** to **4** are very short answer questions carrying *1 mark* each. Answer to these questions should not exceed *30 words* each.

(v) Question Nos. **5** to **9** and **21** & **22** are also very short answer questions carrying *2 marks* each. Answer to these questions should not exceed *60 words* each.

(vi) Question Nos. **10** & **11** and **23** & **24** are short answer questions carrying *4 marks* each. Answer to these questions should not exceed *100 words* each.

(vii) Question Nos. **12** & **13** and **19** & **20** are on filling *Outline Maps of the World* and *India* respectively. Carrying *4 marks* each.

(viii) Question Nos. **14** to **18** are long answer questions of *6 marks* each. Answer to these questions should not exceed *140 words* each.

(ix) Use of templates or stencils for drawing outline maps in illustrating your answer is allowed.

(x) Answer of Question Nos. **21** to **24** of Section–B should be given from any *one* of the Options.

निर्देश : (i) प्रश्नों की कुल संख्या 24 है।

(ii) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

(iii) प्रत्येक प्रश्न के सामने उसके निर्धारित अंक दिए गए हैं।

(iv) प्रश्न संख्या **1** से **4** तक अति लघु उत्तरीय प्रश्न हैं और प्रत्येक प्रश्न का *1 अंक* है। ऐसे प्रत्येक प्रश्न का उत्तर *30 शब्दों* से अधिक का नहीं होना चाहिए।

(v) प्रश्न संख्या **5** से **9** तक और **21** तथा **22** भी अति लघु उत्तरीय प्रश्न हैं और प्रत्येक प्रश्न के *2 अंक* हैं। इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर *60 शब्दों* से अधिक का नहीं होना चाहिए।

(vi) प्रश्न संख्या **10** तथा **11** और **23** तथा **24** लघु उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनमें से प्रत्येक के *4 अंक* हैं। इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर *100 शब्दों* से अधिक का नहीं होना चाहिए।

(vii) प्रश्न संख्या **12** और **13** तथा **19** और **20 संसार** और **भारत के रेखामानचित्रों** के भरने पर हैं एवं प्रत्येक प्रश्न के *4 अंक* हैं।

(viii) प्रश्न संख्या **14** से **18** तक दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न हैं और प्रत्येक प्रश्न के *6 अंक* हैं। ऐसे प्रत्येक प्रश्न का उत्तर *140 शब्दों* से अधिक का नहीं होना चाहिए।

(ix) अपने उत्तर को स्पष्ट करने हेतु रेखामानचित्र बनाने के लिए साँचों या स्टेंसिलों के प्रयोग की अनुमति दी जाती है।

(x) खण्ड–ब में प्रश्न संख्या **21** से **24** तक के उत्तर किसी **एक** विकल्प में से दीजिए।

SECTION–A

खण्ड–अ

1. Why do equatorial regions come under the low air pressure belt? 1

विषुवतीय प्रदेश निम्न वायु दाब पेटी के अन्तर्गत क्यों आते हैं?

2. Explain the term 'heat budget'. 1

'ऊष्मा बजट' शब्द को परिभाषित कीजिए।

3. Why is Mumbai called 'cottonpolis' of India? 1

मुम्बई को भारत का 'कॉटनपोलिस' क्यों कहा गया है?

4. Why can only one crop be grown in dry farming areas in a year? 1

शुष्क कृषि क्षेत्रों में वर्ष में केवल एक ही फसल क्यों उगाई जा सकती है?

5. How are stalactites formed? Explain. 2

अश्चुताश्म (स्टैलैक्टाइट) की रचना किस प्रकार होती है? स्पष्ट कीजिए।

6. Differentiate between relative humidity and absolute humidity. 2

सापेक्ष आर्द्रता और निरपेक्ष आर्द्रता में अंतर स्पष्ट कीजिए।

7. How are biotic resources different from abiotic resources? 2

जैविक संसाधन, अजैविक संसाधनों से किस प्रकार भिन्न हैं?

8. Why is air transport more favourable in North-Eastern States of India? Explain. 2

भारत के उत्तर-पूर्वी राज्यों में वायु परिवहन अधिक अनुकूल क्यों है? स्पष्ट कीजिए।

9. Why is there a declining trend in sex ratio in India? Explain any *two* reasons. 1×2=2

भारत में लिंग अनुपात के गिरने की प्रवृत्ति क्यों है? कोई **दो** कारण स्पष्ट कीजिए।


10. Define the term 'biosphere'. Describe the *three* basic components of biosphere. 1+3=4

'जैवमंडल' शब्द को परिभाषित कीजिए। जैवमंडल के **तीन** मूल घटकों का वर्णन कीजिए।

11. Explain the *four* branches of systematic geography. 1×4=4

'क्रमबद्ध भूगोल' की **चार** शाखाओं की व्याख्या कीजिए।


12. Study the map given below carefully and answer the questions that follow : 1+3=4



(a) Where does the Labrador Current meet with the Gulf Stream?

(b) Explain the result of confluencing of these two currents.


नीचे दिए गए मानचित्र का सावधानीपूर्वक अध्ययन कीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :



(क) लैब्राडोर धारा, गल्फ स्ट्रीम से कहाँ मिलती है?

(ख) इन दोनों धाराओं के संगम के प्रभावों को स्पष्ट कीजिए।

13. Study the map given below carefully and answer the questions that follow : 1+1+2=4




(a) On which river is Mettur Dam built?

(b) In which State this dam is located?

(c) Explain its utility for the related State.

नीचे दिए गए मानचित्र का सावधानीपूर्वक अध्ययन कीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :



(क) मेट्टूर बाँध किस नदी पर बना है?

(ख) यह बाँध किस राज्य में स्थित है?

(ग) इस बाँध की सम्बन्धित राज्य के लिए उपयोगिता स्पष्ट कीजिए।

14. Describe any *six* factors responsible for the variation in the climate of a region. 1×6=6

किसी प्रदेश की जलवायु में विभिन्नता के लिए उत्तरदायी किन्हीं **छः** कारकों को स्पष्ट कीजिए।

15. What is watershed development? Describe any *five* benefits of watershed development. 1+5=6

'जलसंभर विकास' से क्या अभिप्राय है? जलसंभर विकास के किन्हीं **पाँच** लाभों का वर्णन कीजिए।

16. Describe any *six* economic consequences of migration. 1×6=6

प्रवास के किन्हीं **छः** आर्थिक परिणामों का वर्णन कीजिए।

17. Explain any *six* methods to control soil erosion in different parts of the world. 1×6=6

संसार के विभिन्न भागों में मृदा अपरदन को नियंत्रित करने के लिए किन्हीं **छः** तरीकों की व्याख्या कीजिए।

18. Describe the conditions prevalent in the cold weather season in India. 6

भारत में शीत ऋतु में प्रचलित दशाओं का वर्णन कीजिए।


19. The *four* geographical features are marked as Ⓐ, Ⓑ, Ⓒ and Ⓓ on the given *Political Outline Map of the World*. Identify these features with the help of the following information and write their correct names in your answer-book : 1×4=4

(A) Mountain range; (B) Plateau; (C) Desert; (D) Grassland

दिए गए **संसार के राजनीतिक रेखामानचित्र** में **चार** भौगोलिक लक्षणों को Ⓐ, Ⓑ, Ⓒ और Ⓓ के रूप में दिखाया गया है। इन लक्षणों को निम्नलिखित जानकारी की सहायता से पहचानिए और उनके सही नाम अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए :

(A) पर्वतमाला; (B) पठार; (C) मरुस्थल; (D) घासभूमि

WORLD OUTLINE / विश्व रेखामानचित्र




20. The *four* geographical features are marked as Ⓐ, Ⓑ, Ⓒ and Ⓓ on the given *Political Outline Map of India*. Identify these features with the help of the following information and write their correct names in your answer-book : 1×4=4

(A) River; (B) Meteorological centre; (C) River valley project; (D) Coalfield

दिए गए **भारत के राजनैतिक रेखामानचित्र** में **चार** भौगोलिक लक्षणों को Ⓐ, Ⓑ, Ⓒ और Ⓓ के रूप में दिखाया गया है। इन लक्षणों को नीचे दी गई जानकारी की मदद से पहचानिए और उनके सही नाम अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए :

(A) नदी; (B) मौसमविज्ञान सम्बन्धी केन्द्र; (C) नदी-घाटी परियोजना; (D) कोयला क्षेत्र

INDIA-POLITICAL भारत-राजनैतिक



SECTION–B

खण्ड–ब

OPTION–I / विकल्प–I

(Local Area Planning)
(स्थानीय क्षेत्र नियोजन)

21. Mention any *four* steps involved in the processing of primary data. ½×4=2

प्राथमिक आँकड़ों की प्रक्रिया में शामिल किन्हीं **चार** कदमों का उल्लेख कीजिए।

22. Explain the merits of mode. 2

बहुलक के गुणों की व्याख्या कीजिए।

23. Describe the *four* dimensions of local area planning. 1×4=4

स्थानीय क्षेत्र नियोजन के **चार** आयामों का वर्णन कीजिए।

24. Explain any *four* priorities of planning as suggested to develop the hill area Rangdoom. 1×4=4

रंगदूम पहाड़ी क्षेत्र के विकास के लिए प्रस्तावित नियोजन की किन्हीं **चार** प्राथमिकताओं को स्पष्ट कीजिए।

OPTION–II / विकल्प–II

(Geography of Tourism in India)

(भारत में पर्यटन भूगोल)

21. Mention any *four* little mountain trains connecting the most scenic hill resorts of India. ½×4=2

भारत की किन्हीं **चार** छोटी पर्वत ट्रेनों का उल्लेख कीजिए, जो सर्वाधिक सुरम्य पर्वतीय सैरगाहों को जोड़ती हैं।

22. Explain with example touring in specific seasons. 2

विशिष्ट मौसमों में भ्रमण को उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

23. Describe the geographical conditions which promote beach tourism in India. 1×4=4

भारत में पुलिन पर्यटन को बढ़ावा देने वाली भौगोलिक दशाओं का वर्णन कीजिए।

24. How does mass tourism affect the environment? Explain with examples. 1×4=4

जनपर्यटन किस प्रकार पर्यावरण पर प्रभाव डालता है? उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए।

★ ★ ★